कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-08.02.2025

विषय:- थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा 02 नफ़र वाहन चोर गोलू व मंजीत पटेल गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गयी 01 अदद मोटर साइकिल बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0041/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. गोलू पुत्र बचाऊ कुमार निवासी ग्राम घूरीपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी व 2. मंजीत पटेल पुत्र मुखराम पटेल निवासी घूरीपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को दिनांक-07.02.2025 को समय करीब 19.34 बजे ग्राम लखराव पुलिया के पास थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी 01 अदद मोटर साइकिल बरामद हुई। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 06.02.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाइकिल स्पेल्डर प्लस वाहन संख्या-UP65CH6650 चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर में मु0अ0सं0-0041/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 धीरेन्द्र तिवारी के द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त गोलू ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटर साइकिल दिनांक-31.01.2025 को चंदापुर शराब ठेके के पास से मैंने, मंजीत पटेल तथा मेरे एक अन्य दोस्त सोनू के साथ मिलकर चोरी किये थे। मैं, सोनू के साथ ठेके के पास जाकर मोटर साइकिल चोरी करके लाया था तथा मंजित ठेके के कुछ दूरी पर खड़ा होकर निगरानी कर रहा था। आज इस मोटर साइकिल को हमलोग बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों ने हमको पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. गोलू पुत्र बचाऊ कुमार निवासी ग्राम घूरीपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी, उम्र 26 वर्ष।
2. मंजीत पटेल पुत्र मुखराम पटेल निवासी घूरीपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी, उम्र करीब 30 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

चोरी गयी 01 अदद मोटर साइकिल हीरो स्पेलेण्डर जिसका वाहन संख्या-UP65CH6650 व चेचिस नम्बर MBLHA10CGGHD06538 बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

दिनांक-07.02.2025 को समय करीब 19.34 बजे ग्राम लखराव पुलिया के पास थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0041/2025 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 धीरेन्द्र तिवारी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- का0 नवजीत सरोज थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- का0 देवी प्रसाद थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।